## सार-समाचार

### भाजपा नगर मंडल की बैठक आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर चारण बस्ती में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मंजूलता जंगम द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व जिला प्रमुख डॉ सुरेश धाकड़ रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मंडल के महामंत्री हर्ष जैन ने बताया कि पूर्व विधायक व जिला प्रमुख डॉ सुरेश धाकड़ ने सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर व पन्ना प्रमुख पर जोर देने को कहा और जमीनी स्तर से कार्य करते हुए भाजपा व संगठन को मजबूत करना है और सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने को कहा साथ ही उन्होंने बताया कि हम सब कार्यकर्ता मिलकर कार्यकर्ताओं के दम पर सरकार बनाएंगे और कांग्रेसियों की जो भ्रष्ट सरकार रही, इसको उखाड़ फेंकेंगे यह सब हम बूथ स्तर को मजबूत कर कार्यकर्ताओं के दम पर सरकार में आएंगे। बैठक में नगर अध्यक्ष मंजूलता जंगम, प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, पूर्व चेयरमैन बंशीलाल प्रजापत, पूर्व महामंत्री हरीश राठौर, नगर महामंत्री हर्ष जैन, शक्ति केंद्र प्रभारी राजकुमार वधवा, भुवनेश नागर, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सुरेश छाबडा, पूर्व पार्षद कान्हाराम चारण, दिनेश रेठुदिया, दिनेश सेन, पार्षद मनीष गिरी, तनवी शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजू चौधरी, शांति यादव, कोषाध्यक्ष ईश्वर सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राहुल राठौर, नगर मंत्री वसीम शेख, विजय गुप्ता, बूथ अध्यक्ष अतुल तिवारी, हेमंत शाक्यवाल, विकास धाकड़ सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

### भागवत कथा आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा के भैंसरोडगढ़ में चल रही भागवत कथा के पांचवें दिवस की कथा में जैन नोहरे मे लगे पंडाल में कथा श्रवण करने पहुंचे। कथावाचक श्याम उपाध्याय ने कृष्ण जन्म के बाल्य अवस्था मे की ग  सभी लीलाओं का वृतांत सुनाया, बाल्यकाल की लीलाओं में कृष्ण द्वारा पूतना वध के बारे में कथावाचक श्याम उपाध्याय ने बताया कि पूतना पूर्व जन्म में राजा बलि की कन्या थी, जिसने वामन अवतार के समय अपने मन मे मनमोहक छवि को देख के कहा कि ऐसा प्यारा पुत्र मेरा होता तो सीन्स के दूध पिलाती, ओर जब वामन भगवान ने तीन पग से बलि राजा को पाताल भेजा तब उसने मन मे कहा कि ऐसा पुत्र मेरा होता तो दूध में जहर मिला कर पिला देती ऐसा भाव मन मे भाव रख भगवान ने उसी इच्छा को इस जन्म में पूतना बन कर पूरा किया। कथावाचक श्याम उपाध्याय ने बताया कि बवंडर के रूप में आये राक्षस कागासुर का वध किया। कथा में गोवर्धन पर्वत पूजा, ओर छप्पन भोग की झांकी सजा कर मटकी फोड माखन चोर भी कलाकारों द्वारा दिखाया गया। इस दौरान आशा शर्मा व उनका परिवार ओर श्रृंगी परिवार, मनीष, रामु, चंदू, गोविंद, देवक, बनवारी, गोपाल, प्रेम, राधेश्याम, रमाकांत, रमेश, मनोहर, प्रकाश, पूजा, शशि देराश्री, हेमलता, शारदा, शीला सहित कई श्रोताजन उपस्थित थे।

### राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम कर्मचारी संघ का अधिवेशन आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। भारतीय मजदूर संघ रावतभाटा के भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि सोमवार को राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम कर्मचारी संघ द्वारा छठा अधिवेशन सूरतगढ़ थर्मल आवासीय परिसर में एयरटेल हॉस्टल में गोविंद राम जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। अधिवेशन का संचालन राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री महेंद्र सिंह शेखावत ने किया। जिसका विधिवत उद्घाटन राजस्थान राज्य विद्युत श्रमिक संघ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सांखला ने किया। अधिवेशन में निर्वाचन अधिकारी के रूप में राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री विजय सिंह बघेल ने नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन की घोषणा की कि कार्यकारिणी में उत्पादन निगम के प्रदेश अध्यक्ष सतीश प्रसाद चमोला को बनाया गया, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार कोटा वाले को, 6 उपाध्यक्ष बनाए गए, जिसमें रावतभाटा से सौरभ परिहार को बनाया गया। सात मंत्री बनाए गए, जिसमें रमेश गिरी और कार्यकारिणी सदस्य में सी हसन खान को नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से रावतभाटा भारतीय मजदूर संघ में काफी उत्साह है

### पुजारियों ने ज्ञापन सौंप कर अपनी पीड़ा बताई

**बून्दी** (निसं)। सोमवार को पुजारी महासंघ बूंदी ने जिला कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याएं बताते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वर्तमान में पुजारी वर्ग का शोषण होने की बात कहते हुए पुजारियों ने बताया कुछ दिन पहले जिले के लबान, नैनवां के बंबोरी, देवपुरा स्थित चम्पा माताजी के पुजारी परिवार को प्रताड़ित कर जमीन और मंदिर से बेदखल कर दिया गया हैं जो पुजारी परिवार पर वज्र के प्रहार करेन जैसा है। पुजारियों ने बताया जिले में हो रही ऐसी घटनाओं पर प्रशासन कार्यवाही करें, ताकी भूमाफियों के हौसले बुलंद ना हों। इस दौरान पुजारी परिषद के जिलाध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. संदीप चतुर्वेदी, एडवोकेट दुर्गाशंकर पाराशर, सर्व ब्राम्हण महासभा के शहर अध्यक्ष पीयूष शर्मा , एडवोकेट मुकेश जोशी, कुंज बिहारी शर्मा, घनश्याम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, मोहन शर्मा, गोलू शर्मा, सांवरा, ब्रजराज, गिरजेश, अजय, राम लक्ष्मण सहित जिले भर के पुजारी व उनके परिजन मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री बैरवा ने इलाके का दौरा किया

**रामगंजमंडी** (निसं)। पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा ने सोमवार को क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर राहत शिविरों का भी अवलोकन किया। कांग्रेस जिला महामंत्री रितेश पुरोहित ने बताया कि बैरवा ने आज देवली खुर्द धरणावाद उंडवा बंदा रावली गांवों का दौरा किया और आमजन के अभाव अभियोग सुने। बाद में खैराबाद और रिछड़िया गांव में राहत शिविर का अवलोकन किया और लाभार्थियों को गारन्टी कार्ड वितरित किए। बाद में तकली बांध का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि मुख्यमंत्री से उद्घाटन की तारीख ली जा सके। बैरवा के साथ ब्लॉक अध्यक्ष अजीत पारख जिला परिषद सदस्य अब्दुल सलाम जिला उपाध्यक्ष रामचरण शर्मा ब्लॉक उपाध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा रामदयाल मीणा मंडल अध्यक्ष राजाराम बैरवा राधेश्याम मीणा नंदसिंह राठौड़ पंचायत समिति सदस्य नईम कुरेशी मोहन सुथार गोपाल मेघवाल जगदीश धाकड़ खैराबाद अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह आसिफ मेव व मारुति जांगिड़ सहित कई कार्यकर्ता साथ में थे।

### विश्व तम्बाकू निषेध सप्ताह का आयोजन

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा उपखण्ड क्षेत्र में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत  26 मई से 31 म  तक विश्व तम्बाकू निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। रावतभाटा उपजिला कलेक्टर दीपक सिंह खटाणा की अध्यक्षता मे ब्लॉक स्तरीय सम् समन्वय समिति की बैठक आयोजित की ग । जिसके तहत अस्पतालो को लम्बाई, मुकन क्षेत्र बनाये जाने के निर्देश प्रदान तथा सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो के सप्ताह देगा, आपस मे सम्ब समयय करने कोटपा एक्ट के तहत अधिक से अधिक चालान बनाने के लिए निर्देश ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डॉ अनिल जाटव ने दुष्प्रभावो के बारे में बताया। इस मौके पर में चिकित्सा स्टाफ द्वारा जन जागराता रैली निकाली गई।

### महावीर प्रसाद शर्मा नव सृजित तालेड़ा सर्किल के डीएसपी होंगे

**बून्दी** (निसं)। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी 142 आरपीएस अधिकरियों के तबादला सूची के अनुसार बून्दी जिलें में 4 अधिकारी को नियुक्ति दी गई। नवसृजित तालेडा सर्किल में वृत्ताधिकारी के पद पर महावीर प्रसाद शर्मा के लगाया गया हैं, जो अभी शाहपुरा जिला भीलवाड़ा में वृत्ताधिकारी के पद पर हैं। बून्दी वृत्ताधिकारी के पद नपर एमबीसी खेरवाड़ा से ओमेन्द्र सिंह शेखावत को तथा केशवरायपाटन केशवरायपाटन के पद पर राजेश कुमार टेलर को लगाया गया हैं, जो जालौर में उपाधीक्षक साइबर क्राइम के पद पर नियक्त है। वहीं रिछपाल मीणा को बून्दी एसटीएससी सैल में उपाधीक्षक के पद पर लगाया गया है।

### रक्तदान आयोजित

**रामगंजमंडी** (निसं)। शहर में श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, श्री वीर जैन सोशल ग्रुप सुप्रभात समूह रामगंजमंडी द्वारा नेत्रदानी स्वर्गीय शुभम जैन सभद्रा की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।यह शिविर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन धर्मशाला में आयोजित किया गया जिसमें सभी ने अपना सहयोग दिया जिससे 102 यूनिट रक्तदान हुआ। शुभम समाज सेवा व नेक कार्यों से जुड़े हुए थे। विगत दिनों पूर्व उनका आकस्मिक निधन हो गया था। सभी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित कर सच्ची श्रद्धांजली दी है।

# ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश, पत्नी व उसका प्रेमी को गिरफ्तार

**छबड़ा,** (निसं)। कस्बे में पांच दिन पूर्व हुए ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने पति की हत्या के मामले में पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया हैं पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर साडी से गला दबाकर अपने पति की हत्या की थी।

डीएसपी पूजा नागर ने बताया कि श्रीकृष्ण विहार कॉलोनी में 24 मई की रात को अज्ञात हत्यारे ने घर में घुसकर लड्डूलाल धोबी (30) की हत्या कर दी गई थी। लड्डूलाल बस स्टेंड पर प्रेस की दुकान लगाता था। पुलिस ने पिता रामदयाल धोबी की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया और सीआई छुट्टनलाल मीणा व साईबर सेल के प्रभारी हैड कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच कार्रवाई प्रारंभ की। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर लड्डूलाल की पत्नी मनभरबाई को थाने लाकर कड़ी पूछताछ की तो वह टूट गई। उसने बताया कि उसने प्रेमी ओमप्रकाष गाड़री निवासी बिंदराडी के साथ मिलकर अपने पति की गला दबाकर हत्या की हैं। पति लड्डूलाल दोनो के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग को लेकर विरोध करता था। इसलिए उसे रास्ते से हटाने के लिए दोनो ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। इस पर पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं। कार्रवाई में पुलिस कर्मी आकाश शिंदे,



पुलिस ने पति की हत्या के मामले में पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्त में लिया।

वीरेंद्र कुमार, ओमेष जाट, ओमप्रकाष, रणवीर, दषरथसिंह एवं महिला कांस्टेबल लक्की गालव व शबाना शामिल रही।

**साजिश रच दिया वारदात को अंजामः-** लड्डूलाल की पत्नी मनभरबाई पिछले दो वर्शो से कपड़ा व्यवसायी के यहां झाडू पोछे के लिए जाती थी। यहां काम करने वाले ओमप्रकाष से इसकी दोस्ती हो गई और प्यार में बदल गई। दो माह पूर्व लड्डूलाल को दोनो के बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी हो गई।

इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगडा होने लगा, तो मनभर ने प्रेमी ओमप्रकाष के साथ रहने का निर्णय करते हुए पति को रास्ते से हटाने की साजिष रची। इसी के चलते श्रीकृश्ण विहार कॉलोनी में 24 मई को उनके रिष्तेदार के घर महिला संगीत था। दोनो पति-पत्नी रात 12 बजे कार्यक्रम से घर आ गए। ओमप्रकाष पहले ही घर में आकर छत पर छुप गया। रात ढ्राई बजे के लगभग जब लड्डूलाल गहरी नींद में था तो दोनो ने मिलकर उसका मुंह दबा लिया और उसे पंखे पर लटकाने के लिए कमरे में ले जाने के लिए घसीटनें लगे तो खींचतान में डबलबेड के कोने से लड्डूलाल के सिर के पिछले हिस्से में चोट लग गई और खून निकल आया। इस पर दोनो घबरा गए और आनन-फानन में कमरें में ले जाकर साड़ी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। ओमप्रकाष घटना के बाद गांव चला गया और सुबह 6 बजे पत्नी रोती-चीखती अपने ससुर के पास गई और घटना की जानकारी दी।

# नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार



नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्त में लिया।

**बून्दी** (निसं)। नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार करने वाले उसकी मां के प्रेमी जोधराज जांगिड़ को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया गया।

22 मई 2023 को नाबालिग पीड़ता के नाना ने महिला थाना पुलिस में रिपोर्ट देते हुए बताया था कि 6 वर्ष पूर्व उनकी दोहिती के पिता की मृत्यु होने के बाद से उनकी पुत्री के पास जोधराज जांगिड आया करता था। जिसने 12 वर्ष की मेरी दोहिती के साथ डरा धमका कर कई बार बलात्कार किया है। पीड़िता के नाना की रिपोर्ट पर महिला पुलिस थाना बून्दी प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले में आरोपी के संभावित स्थानों पर तलाशी करते हुए परिजन, मित्रों व मुखबीरों से मिली जानकारी के आधार पर 28 मई को आरोपी जोधराज जांगिड़ को गिरफ्तार किया गया। जांच कर आरोपी को पोस्को कोर्ट संख्या-1 में पेश किया गया, जहां से उसे 9 जून तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## मानदेय विसंगति को लेकर ज्ञापन सौंपा

**बूंदी** (निसं)। संविदा एवं निविदा लैब टेक्नीशियन संघ एकीकृत ने मानदेय विसंगति को लेकर ज्ञापन सौंपा। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के बैनर तले संभाग संयोजक एवं जिला अध्यक्ष अनीस अहमद के नेतृत्व में संविदा एवं निविदा लैब टेक्नीशियन संघ एकीकृत ने लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी श्रीमान राजीव दत्ता जी को चिकित्सा विभाग में कार्यरत संविदा एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के मासिक मानदेय मैं विसंगति को लेकर एवं चिकित्सा विभाग के संविदा एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को संविदा सेवा नियम 2022 में सम्मिलित करने हेतु ज्ञापन सौंपा। संयुक्त महासंघ एकीकृत जिलाध्यक्ष अनीस अहमद ने बताया कि जिला चिकित्सालय में संविदा व प्लेसमेंट में कार्यरत कर्मचारियों का अप्रैल माह का मानदेय अभी तक भी नहीं दिया गया है।

# कोटपा एक्ट के तहत चालान काटे

**बूंदी** (निसं)। 31 मई 2023 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 25 से 31 मई तक तम्बाकू निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों के द्वारा आमजन को तम्बाकू का सेवन ना करने हेतू जागरूक किया जायेगा।

इसी क्रम में सोमवार को जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओम प्रकाश सामर के निर्देशन में बूंदी शहर में जिला अस्पताल परिसर, बस स्टैंड परिसर तथा नैनवा रोड माटुंडा तिराहे पर तम्बाकू - गुटखा बेचने वालों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। सिगरेट, बीडी, जर्दा इत्यादि तम्बाकू उत्पाद अन्य खाद्य पदार्थों के साथ ना बेचने हेतू आवश्यक दिशा निर्देशो की पालना करने के लिये आदेशित किया।

आवश्यक चालान कार्यवाही के अन्तर्गत 1040 रुपये के चालान काटे



खाद्य विभाग की टीम ने कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की।

गए साथ ही विध्यालय के 100 मीटर के दायरे में तथा अस्पताल परिसर व बस स्टैंड परिसर जैसे सार्वजनिक स्थानो पर धूम्रपान तथा तम्बाकू सेवन करते पाये जाने पर प्रतिबंध लगाया गया। उक्त कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह एवं मोंजी लाल कुंभकार के नेतृत्व की गयी जिसमे स्वास्थ्य विभाग से मनीष व अनिल माहुर उपस्थित रहे।

# बूंदी में सोमवार को महंगाई राहत कैंप में 16 हजार से अधिक पंजीकरण हुए

**बूंदी** (निसं)। आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए आयोजित किए जा रहे महंगाई राहत कैंपों को लेकर में भारी उत्साह नजर आ रहा है। राहत कैंपों में आमजन रुचि ले रहे हैं और भीड़ उमड़ रही है। जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने बताया कि महंगाई राहत कैम्पों में सोमवार को जिले में 16 हजार 406 लाभार्थियों ने पंजीयन करवाया। जिले के निर्धन व जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए राहत कैंप लगाकर राज्य सरकार मंहगाई में मददगार साबित हो रहे है। राहत कैंपों में आमजन को महंगाई से बडी राहत मिल रही है।

जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि राहत कैंपों में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा के लिए 2649 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा के लिए 2649 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर योजना के लिए 2644 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना के लिए 1506 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। मुख्यमंत्री निशुल्क कृषि बिजली योजना के लिए 422 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के लिए 2228 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना के लिए 5902 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लिए 2235 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए 2704 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के लिए 37 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया।

राज्य सरकार द्वारा आमजन को मंहगाई से राहत दिलाने तथा ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर मंहगाई राहत कैंपों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 30 मई से 2 जून तक नगर परिषद बूंदी के वार्ड नम्बर 12, 13,31 व 34 के लिए नेहरू बाल उद्यान आजाद पार्क, लाखेरी नगरपालिका में 30 मई को वार्ड 24 के लिए रामलीला मैदान, नगरपालिका के. पाटन में 30 व 31 मई को वार्ड संख्या 14, 15 के लिए नगर पालिका कार्यालय, काप्रेन में 30 मई को वार्ड संख्या 14 व 16 के लिए पंचोली मोहल्ला कापरेन, इन्द्रगढ़ नगरपालिका में 30 मई को वार्ड संख्या 11 के लिए सामुदायिक भवन बिहारी जी का चौक, नैनवां नगर पालिका में 30 मई को वार्ड संख्या 20 के लिए नवीन नगरपालिका नैनवां में मंहगाई राहत कैंप लगाया जाएगा।इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में उपखण्ड क्षेत्र हिण्डोली में 30 मई को बसोली व भवानीपुरा के राजीव गांधी सेवा केन्द्र में मंहगाई राहत कैंप लगाया जाएगा। नैनवां में 30 मई को गुढादेवजी, डोडी के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में, 30 व 31 मई को तालेड़ा की ग्राम पंचायत जमीतपुरा व सूतडा के राजीव गांधी सेवा केन्द्र में लगाए जाएंगे।

# रामगंजमंडी जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में धरना जारी

**रामगंजमंडी** (निसं)।रामगंजमंडी जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में सोमवार को भी स्टेशन चौराहा गांधी चौक पर 54 वें दिन क्रमिक धरना जारी रहा। जिसमें सोमवार को जांगिड ब्राह्मण सुथार समाज बंधु के नेतृत्व में धरना दिया गया। दर्शन कुमार व कैलाश विश्वकर्मा ने बताया की जिला बनाने में रामगंजमंडी की उपेक्षा की गई है।

रामगंजमंडी जिला बनने की सभी पात्रता पूर्ण करता है रामगंजमंडी देहात क्षेत्र का केंद्र बिन्दु है रामगंजमंडी प्रतिवर्ष 850 करोड के लगभग का राजस्व देता है कोटा स्टोन की कई माइंस है ,विशिष्ट श्रेणी की कृषि उपजमंडी है, परिवहन में आठ लेन रोड, चार लेन रोड, दिल्ली मुम्बई बड़ी रेल लाइन मौजूद है रामगंजमंडी को जिला बनाने की सूची में प्राथमिकता से शामिल किया जाना चाहिए ।जिला बनाने की हमारी मांग है जिला बनाने और विकास के कार्यों में रामगंजमंडी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए गोपाल कृष्ण शर्मा रमेश हरिप्रकाश शर्मा प्रवीण रमेश ललित शर्मा दिनेश विश्वकर्मा मारुति जांगिड़ नवीन विश्वकर्मा श्याम मनोहर आशीष विश्वकर्मा हुकमचंद सुथार रमेश विश्वकर्मा हेमेंद्र शर्मा मोहनलाल



रामगंजमंडी जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में स्टेशन चौराहा गांधी चौक पर 54 वें दिन क्रमिक धरना जारी रहा।

पूरनलाल, भागीरथ विष्णु पप्पू दिनेश कारपेंटर जयनारायण कारपेंटर जगदीश रूपचंद के साथ रामगंजमंडी तहसील के लोग भी धरने पर बैठे।

धरने बैठे लोगों ने कहा कि रामगंजमंडी हाडौती में सबसे अधिक राजस्व देने वाला क्षेत्र है,जो आज विकास के क्षेत्र ,शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत पिछडा हुआ है, रामगंजमंडी का विकास तभी संभव है जब रामगंजमंडी जिला बनेगा।

अनशन स्थल पर रूपचंद जैन पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गौतम नेता प्रतिपक्ष महेंद्र सामरिया नितिन शर्मा मोर्चा नगर अध्यक्ष पंकज पारेता बाबूलाल मेघवाल पप्पू मराठा राजकुमार मेघवाल कमल गुर्जर कम्मू मुकुट सुमन प्रमोद पंडित मनीष पारेता रमेशचंद्र घाटोड ने धरने पर बैठे लोगों का हौसला बढ़ाया।

रामगंजमंडी को जिला बनाओ संघर्ष समिति सदस्य राजकुमार मेघवाल ने बताया कि जिले की मांग को लेकर 54 दिनों से क्रमिक धरना चल रहा है। जिस क्रम में 30 मई मंगलवार को मेघवाल समाज धरने पर बैठेंगे।

## सार-समाचार

### जल की उपयोगिता के बारे में चर्चा

**बूंदी** (निसं)। कैच द रैन कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केन्द्र, बूंदी के तत्वाधान में गोठडा नेहरू युवा मण्डल संस्थान ने जल चौपाल का आयोजित कर वर्षा जल की प्रत्येक बूंद बचाने का संकल्प लिया गया। जल चौपाल के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच बाबूलाल सैनी, विशिष्ट अतिथि स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय निदेशक रवि खटाना, पूर्व जिला परिषद सदस्य ईश्वर झंवर रहे। जल चौपाल को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए बुद्धि प्रकाश सैनी ने वर्षा जल संग्रहण व संचयन के तरीकों एवं जल की उपयोगिता के बारे में व्यापक जानकारी दी। वहीं मंडल के कोषाध्यक्ष देवलाल सैनी ने जल संरक्षण का महत्व, आवश्यकता, विदेशों में जल समस्याओं पर तथा भगवान प्रजापत ने वर्षा जल संरक्षण की आधुनिक तकनीकों, विभिन्न क्षेत्रों में जल का उपयोग के बारे में बताया। इस दौरान वक्ताओं ने जल का अनियंत्रित दोहन एवं घटता भू जल स्तर के बारे में चौपाल-चर्चा करते हुए लोगों से वर्षा जल का उचित संचयन एवं संरक्षण कर बरसाती पानी बचाने की अपील की तथा सभी ग्रामीणों को वर्षा जल की बूँद बूँद बचाने का संकल्प भी दिलवाया। संयोजक भूपेन्द्र योगी ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में वर्षा जल संरक्षण विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मनीषा सैनी, विष्णु सैनी,शोभित जैन, दुर्गा लाल सैनी विजेता रहे। इन विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।

### गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

**बून्दी** (निसं)। गुर्जर समाज के आरक्षण को लेकर 16 वर्ष पूर्व हुए आंदोलन में संघर्ष के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए समाज के सपूतो को क्षित्रय वीर गुर्जर छात्रावास परिसर में श्रद्धांजली अर्पित की गई। वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कौम के लिए शहीद होने वाले शहीदों को सच्ची श्रद्धांजली यही होगी कि हम सब समाज की एकता बनाये रखते हुए हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी से आम जनता के दिलों में स्थान बनाये। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र मे जो जागृति आई हैं उसे समाज के सपूतों की शहादत का ही सुफल बताते हुए जोर दिया कि समाज को शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को हर कीमत पर आगे बढ्ढाना चाहिए ताकि देश के विकास मे हमारी भूमिका भी रेखांकित हो। समाज जिलाध्यक्ष देवलाल चांदना, संरक्षक चौचमल गुर्जर वीरज संगठन मंत्री जीतमल दायमा, समन्वयक रामलाल चौहान, युवाध्यक्ष महावीर गुर्जर, नगर अध्यक्ष देवलाल डोई छात्र फोर्स के अध्यक्ष गोपाल गेंदा, भरतराग खाटरा, राजेश कुमावत, आलोक दाधिच सहित समाजबंधुओं ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजली अर्पित की।

### गारंटी कार्ड वितरित किया

**भवानीमंडी** (निसं)। ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा में महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांव के संग अभियान में उपखंड अधिकारी कमलसिंह मीणा के सानिध्य में लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किया गया। नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने शिविर का औचक निरीक्षण किया।तथा पटवार मंडल मांडवी का पट्टा दिया गया। डग विधानसभा एमआरसी प्रभारी आनन्द काला ने बताया कि राज्य सरकार की 10 जनकल्याणकारी योजनाओं में शिविर में आए लोगो को अधिक से अधिक पंजीकरण कराने हेतु समझाया गया। साथ ही शिविर में प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत गारंटी कार्ड 1863 , जॉब कार्ड 15 ,पेंशन सत्यापन 27, नवीन पेंशन आवेदन 10, पट्टे 6 दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार सत्यनारायण जी नरवरिया, खण्ड विकास अधिकारी प्रभुलाल वर्मा, प्रदेश सचिव चंदर सिंह राणा, ब्लॉक अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार, जिला उपाध्यक्ष चेतराज गहलोत सरपंच कुंता बाई, सरपंच प्रतिनिधि रोड़ सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष कैलाश कंवर, सरपंच बहादुर सिंह गुर्जर, इंद्रपाल सिंह राठौड़, नारायणलाल जनपद, बजरंगलाल उपसरपंच, महेंद्र सिंह राठौड़आदि कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**भवानीमंडी** (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र में कार्य करने वाले पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वानिधि) योजना के तहत उनके व्यवसाय को पुनः चालू करने के लिए बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के माध्यम से अनुदानिक ऋण उपलब्ध करवाने के लिए एक दिवसिय शिविर का आयोजन नगर पालिका कार्यालय भवानीमण्डी में आयोजित किया गया जिसमें पट्टे भी वितरित किये गए। शिविर में पालिकाध्यक्ष कैलाश बोहरा , लीड बैंक ऑफिसर (एलडीएम), अधिशाषी अधिकारी देवमित्र कानूनगो, स्थानीय बैंको के प्रतिनिधिगण, पार्षद राकेश मकवाना, पार्षद अमजद अली, सीओ राजेन्द्र लोधा व गणमान्य जन उपस्थित रहे। जिनके द्वारा स्ट्रीट वेण्डर्स को उक्त योजना में अधिक से अधिक आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। बाद में अध्यक्ष महोदय कैलाश बोहरा द्वारा स्ट्रीट वेण्डरों की समस्याएं सुनी।

### वार्ड में सीसी सड़क निर्माण का भूमि पूजन

**भवानीमंडी** (निसं)। नगर पालिका मंडल द्वारा वार्ड नं 29 गरीब नवाज़ कालोनी में नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा ने सी सी रोड का भुमि पूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आस्तौलिया, पार्षद हरीश राठौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चेतराज गहलोत, पार्षद प्रतिनिधि जावेद हुसैन, प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव अख्तर अली, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जोरावर सिंह चौहान, पार्षद राजिक अंसारी, वीणा मेहरा ,एस डी पी आई जिला अध्यक्ष गुलाम रब्बानी, महिला नगर कांग्रेस अध्यक्ष नीता खत्री, अजमल खान,फरीद उद्दीन व वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### शक्ति दिवस आज

**बूंदी** (निसं)। जिले में चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में मंगलवार 30 मई को शक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा चिकित्सा संस्थानों में हर मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस के दौरान बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया जा रहा है।